निश्चित सेवा केंद्र पर सुनिश्चित गुणवत्ता पूर्ण परिवार नियोजन सेवाएं नियत दिन पर प्रदान करना

इस हाई इम्पैक्ट एप्रोच का उपयोग क्यों करें?

ऐसा देखा गया है कि फिक्स्ड डे स्टेटिक (एफ.डी.एस) सेवा /परिवार नियोजन दिवस (एफ.पी.डी)/अंतराल दिवस का आयोजन करने से गुणवत्तापूर्ण परिवार नियोजन सेवाओं तक पहुँच बढ़ती है। यह एक ऐसा सहयोगात्मक प्रयास है जिसमें प्रशिक्षित मानव संसाधन, आवश्यक उपकरण, सामग्री तथा आपूर्तियाँ नियत दिन तथा समय पर सेवा केंद्र में उपलब्ध करायी जाती है। जिसकी सूचना पहले से ही समुदाय को होती है।

पहला चरण

उपलब्ध डेटा के आधार पर वंचित सेवाओं का अनुमान लगाकर परिवार नियोजन डेटा को दृश्यमान बनाना

जनसंख्या स्तर के अध्ययन, एच.एम.आई.एस और प्रोजेक्ट हेल्थ इन्फॉर्मेशन सिस्टम के डेटा को ट्राईऐन्ग्युलेट करें और शहरी और राज्य-स्तरीय अनुश्रवण बैठकों में चर्चा कर इस बात पर ज़ोर दें की किस प्रकार स्वास्थ्य प्रणाली परिवार नियोजन पर फ़ोकस कर सकता है और प्राथमिकता दे सकता है।



दूसरा चरण

एफ.डी.एस/एफ.पी.डी की अनुसूची बनाइये

परिवार नियोजन सेवाएँ देने वाले शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, निजी अधिकृत अस्पतालों, तथा अन्य स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रस्तावित एफ.डी.एस/एफ.पी.डी का कैलेंडर सम्बंधित मेडिकल टीम का विवरण देते हुए बनाए। जब सिविल सर्जन इस कैलेंडर तथा बजट को अनुमोदित कर दें तब स्वास्थ्य सेवा केन्द्रों के स्टाफ तथा सामुदायिक कार्यकर्ताओं के बीच इसे प्रचारित करें।



तीसरा चरण

एफ.डी.एस/एफ.पी.डी के लिए स्वास्थ्य केन्द्रों की तैयारी सुनिश्चित करना

सेवा केंद्र पर- उपकरण, आवश्यक सामग्री, आपूर्तियाँ, मानव संसाधन, आवश्यक रिपोर्टिंग प्रारूप, आई.ई.सी.सामग्री के साथ-साथ बिजली तथा पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करें। सेवा केंद्र के प्रभारी, एफ.डी.एस/एफ.पी.डी से सम्बंधित स्टाफ का रोस्टर बनायें। शासकीय योजनाओं के अनुसार जिन केन्द्रों पर आवश्यक हो वहाँ लाभार्थियों को सेवा अनुसार प्रोत्साहन राशि दिए जाने के लिए बजट (सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार) सुनिश्चित करें।



चौथा चरण

समुदाय को एफ.डी.एस/एफ.पी.डी मे भाग लेने के लिए प्रेरित करें

सामुदायिक कार्यकर्ताओं के साथ एफ.डी.एस/एफ.पी.डी कैलेंडर साझा करें और उन्हें कोच करें जिससे वो परिवार नियोजन के संभावित लाभार्थियों को सेवा लेने हेतु प्रेरित कर सकें। एन.जी.ओ. तथा अन्य संस्थाओं/विभागों को आई.ई.सी.सामग्री का वितरण कर एफ.डी.एस/एफ.पी.डी के आयोजन का दिन तथा स्थान को समुदाय मे प्रचार करें।

अधिक जानकारी के लिए
http://tciurbanhealth.org/lessons/fixed-day-static-approach/

Johns Hopkins Bloomberg School of Public Health | Bill & Melinda Gates Institute for Population and Reproductive Health
psi India — Healthy life, Happy life